कार्यालय उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा।

474/1, सिविल लाइन्स, निकट जवाहर बाग, मथुरा।

पत्रांक 1297/ब्र0ती0वि0प0/2025—26, दिनांक 20 जनवरी 2026

सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु कलाकार उपलब्ध कराने एवं उनके प्रबन्धन के लिए फर्मो को सूचीबद्व करना।

उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के द्वारा वर्ष में आयोजित किये जाने वाले उत्सवों यथा रंगोत्सव, कृष्णोत्सव व ब्रजरज उत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु संस्कृति विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत एवं प्रसार भारती द्वारा श्रेणीबद्व कलाकारों के अतिरिक्त अन्य ख्यातिप्राप्त राज्य स्तरीय/राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार उपलब्ध कराने एवं उनके समस्त प्रबन्धन (यथा रहना, खाना, यात्रा आदि) हेतु फर्मो को सूचीबद्व करने हेतु ई0ओ0आई0 आंमत्रित की जाती है, जिसे इच्छुक फर्मो द्वारा दिनांक 21.01.2026 से 05.02.2026 को सायं 05.00 तक अपलोड किया जा सकता है, जो दिनांक 06.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे खोली जायेगी। उक्त ई0ओ0आई0 हेतु कम्पनी/फर्मो को तकनीकी अर्हता हेतु निम्न दस्तावेज अनिवार्य है, जिनका विवरण निम्नवत् हैः—

1—फर्म/कम्पनी का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

2—आधार कार्ड अनिवार्य है।

3—फर्म/कम्पनी का पेन कार्ड अनिवार्य है।

4—ज्वाइन्ट वेन्चर मान्य नहीं होगा।

5—फर्म/कम्पनी का विगत तीन वित्तीय वर्ष (2024—25, 2023—24, 2022—23) का आयकर रिर्टन अनिवार्य है।

6—फर्म/कम्पनी का विगत तीन वर्ष का औसत टर्न ओवर रू0 1.5 करोड़ (सी0ए0 का प्रमाण पत्र) संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7—फर्म/कम्पनी द्वारा पिछले तीन वर्षो में समान कार्य का अनुभव संलग्न करना अनिवार्य होगा।

8—निविदा फीस रू0 5900.00 व ई.एम.डी रू0 1.00 लाख की यू.टी.आर स्लिप संलग्न करना अनिवार्य होगा।

9—फर्म/कम्पनी को रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथपत्र संलग्न करना होगा कि फर्म/कम्पनी को विगत तीन वर्षो में ब्लैकलिस्ट/डिवार नहीं किया गया है।

10— फर्म/कम्पनी को रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथपत्र संलग्न करना होगा कि उपरोक्त सभी नियम व शर्ते मान्य है।

11—उक्त ई0ओ0आई0 किसी भी समय अथवा किसी भी चरण में निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा का होगा। सूचीबद्व फर्म के अतिरिक्त सीधे/अन्य माध्यम से भी कलाकार आंमत्रित करने हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा स्वतन्त्र होगें।

12—फर्म/कम्पनी के सूचीबद्व होने के पश्चात् परिषद द्वारा चयनित कलाकारों की सूची प्रेषित की जायेगी तथा कलाकारों के मानदेय/दरें (सभी व्ययों एवं करों सहित) सीलबन्द लिफाफे में कार्यालय में निर्धारित समय पर जमा करना होगा। इस सम्बन्ध में सूचना पृथक से सूचीबद्व फर्म को प्रेषित की जायेगी।

13—इस एम्पेन्लमेन्ट को फर्म द्वारा किसी गारण्टी अथवा अधिकार के रूप में न समझा जाये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु कलाकार का चयन अन्तिम रूप से मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के निर्णयाधीन होगा तथा कलाकार का चयन न्यूनतम मानदेय के आधार पर किया जायेगा।

14—उक्त सूचीबद्वीकरण एक वर्ष के लिये होगा। सूचीबद्व फर्मो से तदनुसार अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी।

उक्त कार्य हेतु ई0एम0डी0 रू0 1.00 लाख व आवेदन फीस रू0 5900.00 (जी.एस.टी सहित) परिषद के बैंक खाते CEO UPBTVP Mathura in SBI MATHURA CANTT **(IFSC:SBIN0005716) A/C NO 37530109830 in RTGS/NEFT** के माध्यम से जमा करानी होगी, जिसकी यू.टी.आर स्लिप संलग्न करना अनिवार्य होगा। नियम व शर्ते ई—निविदा के माध्यम से उ0प्र0ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के पोर्टल से प्राप्त किये जा सकते हैं।

20/01/2026

(मदन चन्द्र दुबे)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद

Scanned with OKEN Scanner